हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 19 मई 2026

तापमान
अधिकतम 45.8 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

12 ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर ...



12 जिला स्तरीय शतरंज में ओजस ने जीता मुकाबला



## खबर संक्षेप

### छत से गिरकर व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव साबापुर में किराय के मकान में रह रहे व्यक्ति की छत से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी। यूपी के जिला समस्तीपुर के गांव गुरुदतपुर निवासी 38 वर्षीय राम सूरत गांव साबापुर में किराय के मकान में रहता था। उसके पास पांच बच्चे थे। रविवार रात को वह घर की छत पर गया। इस दौरान वह छत से नीचे गली में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब लोग उठे तो उन्हें राम सूरत का शव गली में पड़ा देखा। उन्होंने उसके परिजनों व पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती ने आधा दर्जन आरोपियों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन भाइयों समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 जून 2025 को उनके गांव के ही आशीष, रिंकू, मिंटू, रोहित, आकाश व काजल उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शोर सुनकर जब परिवार के लोग घर पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी मगर पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 71 ग्राम हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव कामी माजरा से एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 71 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गांव कामी माजरा में एक महिला नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ महिला के घर पर पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिला के घर के बाहर से 71 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला की पहचान साहिबा के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि साहिबा लंबे समय से नशीला पदार्थ बेचने का काम कर रही थी। हेरोइन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है।

### छात्र ने माता-पिता को डराने के लिए खुद ही रचा अपहरण का ड्रामा

# दिनभर रही सनसनी, फर्जी निकला बच्चे के अपहरण का मामला

- पड़ोसी बच्चे की मदद से हाथ-पैर बंधवाकर बनाई अपहरण जैसी स्थिति, ग्रामीणों में मचा हड़कंप
- पुलिस ने मुकदमा रद किया, बाल कल्याण समिति में बच्चे की काउंसलिंग कराई गई।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। घटना के बाद थाने में पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

गांव भटली में रविवार रात बच्चे के कथित अपहरण की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी, लेकिन पुलिस जांच में यह मामला पूरी तरह फर्जी निकला। थाना जगाधरी सदर पुलिस के अनुसार कक्षा सात में पढ़ने वाले छात्र यश ने अपने माता-पिता को डराने और परेशान करने के उद्देश्य से अपहरण का नाटक रचा था। घटना के बाद बच्चे के पिता कुलदीप की शिकायत पर पुलिस ने रात को मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, ग्रामीणों ने पीछा कर जय सिटी क्षेत्र में एक युवक को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य आरोपी के फरार होने की बात सामने आई थी। भीड़ ने पकड़े गए युवक की पिटाई भी कर दी थी, हालांकि पुलिस जांच में उसके किडनेपर होने की पुष्टि नहीं हो सकी, जिसके बाद उसे छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी आनंद के अनुसार यह किसी भी प्रकार का अपहरण नहीं था। जांच में सामने आया कि रविवार को यश का जन्मदिन था और उसने माता-पिता से उपहार में पियानो मांगा था, लेकिन मां द्वारा इंकार किए जाने पर उसने यह पूरा नाटक रचा। एसएचओ ने बताया कि यश ने पड़ोस के एक बच्चे की मदद से अपने हाथ बंधवाए और मुंह में कपड़ा ठूंसा, जिससे यह अपहरण जैसा मामला प्रतीत हुआ। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने बाइक सवारों का पीछा करते हुए हड़कंप मचा दिया। बाद में पुलिस जांच में पूरा मामला फर्जी निकला, जिसके चलते दर्ज मुकदमा रद्द कर दिया गया।डीएसपी पूजा मौके पर टीम के साथ पहुंचीं और बच्चे से पूछताछ की, लेकिन वह बार-बार अपने बयान बदलता रहा, जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद बच्चे की काउंसलिंग बाल कल्याण समिति में कराई गई। फिलहाल घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है और पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर जांच पूरी कर चुकी है।

# व्यापारी से रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

- फैक्टरी बंद करवाने और जान से मारने की धमकी दे रहा था आरोपी, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दबोचा, आरोपी पर पहले भी हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने व्यापारी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी सुरेश कुमार उर्फ बिल्ला निवासी डेरा गोबिंद माजरा को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार धुराला स्थित पानी फिल्टर फैक्टरी संचालक मोहन ने शिकायत दी थी कि आरोपी बार-बार फोन कर पैसे मांग रहा था और रकम न देने पर फैक्टरी बंद करवाने व जान से मारने की धमकी दे रहा था। थाना झांसा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। आरोपी पर पहले से हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है। पूछताछ में बताया कि व्यापारी के पास विदेश से काफी पैसे आए हैं।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने छात्राओं को साइकिल बांटी व साइंस लैब का उद्घाटन किया

- 12 गांवों की 900 छात्राओं को दिए साइकिल, शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल गांजबड़ स्कूल में छात्राओं को साइकिल बांटते हुए।

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय, गांजबड़ में स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल वितरित किए। साथ ही बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से मिनी साइंस सेंटर का भी उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल उपस्थित रहे। उन्होंने एमएल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख की उपस्थिति में स्कूल के बच्चों को ये दो सौगातें दीं। कार्यक्रम में संजय भाटिया सांसद राज्यसभा, नरेंद्र राठी सरपंच गांजबड़, कविता राठी प्रधानाचार्य,संजय कुमार महाप्रबंधक कर्मचारी सेवाएं तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। साइंस लैब के उद्घाटन के दौरान बच्चों से बातचीत की। गौरतलब है कि पीआरपीसी ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आसपास के 12 गांवों में कुल 900 स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण की गई।

## रिहायशी भवन से ढाई तोला सोना और नकदी चोरी

**अंबाला।** आशा सिंह गार्डन कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरों ने एक बंद मकान से लाखों रुपये के गहने और नकदी चुरा ली। चोरों ने परिवार के जाने के बाद घर का मुख्य गेट फांदकर वारदात को अंजाम दिया। अलमारी का लॉकर तोड़कर ढाई तोला सोने के गहने, 52 हजार रुपये की नकदी और चार बैंक चेक चोरी कर भाग गए। बलदेव नगर पुलिस ने चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आशा सिंह गार्डन निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। सुबह करीब 7 बजे वह अपने पिता के साथ मकान को ताला लगाकर काम पर गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह घर लौटे तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था व भीतर सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस इलाके के सीसीटीवी भी खंगाल रही है।

### कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए कार्य जारी रहेगा

# असंध फोरलेन रोड निर्माण कार्य नहीं रुकेगा : कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



54 करोड़ की लागत से बनेगी 22 किलोमीटर लंबी सड़क का हो रहा निर्माण

प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि असंध रोड फोरलेन सड़क का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए सड़क निर्माण कार्य को निरंतर जारी रखें। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सड़क नेटवर्क को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में पानीपत से जींद तक असंध रोड को फोरलेन बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। पानीपत शहर में असंध रोड स्थित नहर बाईपास से लेकर दरियापुर मोड़ तक करीब 54 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 22 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। इससे पानीपत, मतलौडा और आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सड़क निर्माण में बाधा बन रही कुछ 33 केवी बिजली लाइनों को शिफ्ट करने और क्रॉसिंग लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने 2.42 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। यह टेंडर 21 मई को खोला जाएगा। इससे पहले 11 केवी लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त पेड़ कटाई का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। हरियाणा सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चल रही है।

## युवक ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा शहर के पॉश इलाके में एक युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मॉडल टाउन एरिया में वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के गोदाम के पीछे बने खंडहरनुमा कमरे में उसका शव लोअर के सहारे फांसी पर लटका मिला। पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के गोदाम के पीछे एक मकान बना हुआ है, जिसमें 2-3 कमरे लंबे समय से खंडहर हालत में पड़े हैं। यहां तैनात चौकीदार ने युवक का शव कमरे की छत में लगे लोहे के कुंडे से लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की मोर्चरी में भिजवा दिया। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच लग रही है। युवक दुबला-पतला है और उसकी लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच है। उसने हल्के पीले रंग की बिना कॉलर वाली टी-शर्ट पहन रखी थी।

## सड़क पर मिले रुपये एक माह बाद भी मालिक का पता नहीं

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव बुआना लाखू में शाहपुर गन्नौर मार्ग पर 19 अप्रैल को करीब 6.30 बजे शाम को सड़क पर एक राहगीर ने सडक़ के किनारे बैठे मास्टर अजमेर मलिक ओर ओमप्रकाश शास्त्री को बताया और नजदीक जाकर देखा तो रुपये पड़े थे। वहां पर चार ग्रामीण थे सभी ने नोटों की गिनती की कितने कितने के नोट है। चारों ने तय किया जिसके रुपये गुम हुएं वह आकर बताये। लेकिन एक महीना बितने के बाद भी कोई सडक़ पर पड़े हुए रुपयों को लेने नहीं आया। उल्लेखनीय है कि शाहपुर गन्नौर मार्ग पर गांव बुआना लाखू अड्डे पर 19 अप्रैल को किसी अज्ञात व्यक्ति के रुपये सड़क पर पड़े मिले। अभी तक कोई लेने तक नहीं आया। मास्टर अजमेर मलिक ओर ओमप्रकाश शास्त्री कहते हैं यह किसी की मेहनत की कमाई होगी अगर किसी के गुम हुएं हैं तो वह अपनी पहचान बताकर रूपए ले जाए।



इसराना। बुआना लाखू के मा. अजमेर मलिक व ओमप्रकाश शास्त्री जिनके पास रखें हुए किसी अज्ञात के गुम हुए रुपये।

### अमनदीप हत्याकांड में नए खुलासे

# कातिल ने बाजार से ही लिया था जहर और लाश उठाने के लिए बैग

- सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, आरोपी ने अकेले दिया वारदात को अंजाम
- हत्या के बाद शव को हिमाचल के जंगल में जलाया, पुलिस की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा



मृतक अमनदीप कौर का फाइल फोटो।

इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज ने अहम भूमिका निभाई। फुटेज में अमनदीप रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास के समीप बने कमरे में जाती दिखाई दी थी, लेकिन वह वापस बाहर नहीं निकली। करीब दो घंटे बाद आरोपी संदीप एक बड़े बैग को रेहड़ी चालक मतलूम नामक व्यक्ति की मदद से नीचे लाता नजर आया था। जांच में पता चला कि संदीप ने मतलूम को केवल 100 रुपये देकर मदद के लिए बुलाया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद शनिवार 16 मई को मतलूम को छोड़ दिया, क्योंकि जांच में उसकी हत्या में संलिप्तता सामने नहीं आई। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी संदीप पिछले लगभग एक वर्ष से रेलवे अंडरपास के पास स्थित उक्त कमरा किराये पर लेकर रह रहा था। वहीं उसने वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद शव को सिरमौर के कोलार जंगल में ले जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई, जिससे शव करीब 80 प्रतिशत तक जल गया। बाद में हिमाचल पुलिस और बराड़ा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जली हुई लाश की पहचान अमनदीप कौर के रूप में हुई। बराड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार और चैकी इंचार्ज हाकम सिंह की टीम ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर बीते दिवस अदालत में पेश किया था, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपी को दोबारा कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अभी भी हत्या के पीछे के कारणों और अन्य तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।अमनदीप कौर अपने परिवार का सहारा थी। पिता का पहले ही निधन हो चुका था, मां कैंसर से पीड़ति है जबकि छोटी बहन गंभीर बीमारी से जूझ रही है। अमनदीप बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का पालन-पोषण करती थी। उसकी हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### कुरुक्षेत्र में घर के बाहर खेलते समय हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से डेढ़ साल के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

डेढ़ साल के मासूम की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा के समय बच्चा घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर मौके से फरार हो गया। साथ ही आरोपी पक्ष पर घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और दबाव बनाने का आरोप भी लगाया।



प्रशांत

मृतक बच्चे की पहचान करीब डेढ वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम विजयपाल और मां का नाम सीमा है। परिवार रतगल गांव में रह रहा है। परिवार मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। परिवार में दो और बच्चे 8 साल का बेटा और 5 साल की बेटी हैं। मृतक बच्चे की मां सीमा ने बताया कि सुबह वह नहाने के लिए जाने लगी, तो उसने अपने पति विजयपाल से प्रशांत का ध्यान रखने को कहा था। आज उसके पति ने काम से छुट्टी ले रखी थी और विजयपाल घर पर ही मौजूद था। इसी दौरान बच्चा खेलते-खेलते गेट खोलकर सड़क तक पहुंच गया।

सीमा के मुताबिक, सामने पूर्व सरपंच के घर में मिट्टी डालने का काम चल रहा था। इसलिए यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली आ-जा रहीं थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसके बेटे प्रशांत को टक्कर मार दी। इसमें बच्चे को गंभीर चोटें आईं। उसके पिता तुरंत बेटे को उठाकर प्राइवेट अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में पहुंचने के बाद चेकअप के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### डॉक्टरों ने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी

*जिले का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया*

# भीषण गर्मी व लू से जनजीवन प्रभावित, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा, शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पिछले दो दिन से गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आलम यह है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ चुका है। धूप में तेजी के बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। दोपहर होने के साथ ही भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है। लोग भी घरों से निकलने से पहले गर्मी से बचने का इंतजाम कर रहे हैं। दोपहर के समय सड़के वीरान लगने लगी हैं। दूसरी ओर गर्मी से बचने के लिए लोगों ने भी तरह-तरह के तरीके इजाद कर लिए हैं। वाहन चालक को वाहन चलाते समय मुंह पर कपड़ा डालने के लिए विवश होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गर्मी का प्रकोप बढ़ने के चलते हैं ठंडा पेय पदार्थ वालों का धंधा भी चमकने लगा है। गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मी के तेवरों से देखकर लगता है कि आने वाले दिन लोगों के लिए भयावह हो सकते हैं। तेज हवाओं के साथ चल रही लू ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। लोग तेज धूप और लू के थप्पड़ों से बचने के लिए घरों के अंदर ही दूबकने को बेबस हो गए हैं। दोपहर के समय तो सड़कों पर विरानी दिखाई देती है। गर्मी से बचाव के लिए लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर घर से बाहर निकलते हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गर्मी बढ़ने से बाजारों में शीतल पेय पदार्थ गन्ने का रस, बेल का शरबत, नींबू पानी, आम का जूस आदि की मांग बढ़ गई है।



कुरुक्षेत्र। विरान पड़ी शहर की सड़क। फोटो : हरिभूमि

## डाइट पर खास ध्यान रखने की जरूरत



गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं और तेज धूप की वजह से तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है। गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने या लू लग जाने, दस्त और उल्टी की समस्या आम तौर पर देखी जाती है। ऐसे में गर्मी के दिनों में हमें अपनी डाइट पर खास ध्यान रखने की जरूरत है। इस मौसम में आपको बासी खाने और फ्रिज में रखें फूड के सेवन से परहेज करना चाहिए, इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा होता है। जंक फूड, प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड खाने से परहेज जरूरी है। गर्मियों में आइसक्रीम ज्यादा न खाएं, इससे सर्दी जुकाम का खतरा तो होता ही है, ये शरीर को गर्म कर सकती है। **-डॉ. आशीष अनेजा**, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर

## स्कूल समय में बदलाव करने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा ने निदेशक, सेकेंडरी शिक्षा विभाग पंचकूला को पत्र लिखकर स्कूल समय में अति शीघ्र बदलाव किए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के महासचिव अनिल सैनी ने बताया कि हरियाणा राज्य इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। प्रदेश के अनेक जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग द्वारा 31 मई तक लू एवं अत्यधिक गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। सुबह का मौसम कुछ समय तक सामान्य रहता है, लेकिन 12 बजे के बाद तेज धूप और गर्म हवाएं बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगती हैं। विद्यालय से घर लौटते समय बच्चे लू, डिहाइड्रेशन, चक्कर आने तथा अन्य मौसमी बीमारियों के जोखिम का सामना कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में विद्यालयों का समय प्रातःकालीन 7:30 बजे किया जाना चाहिए तथा दोपहर 12 बजे तक छुट्टी कर दी जानी चाहिए। इससे बच्चे तेज धूप और लू के प्रभाव से काफी हद तक सुरक्षित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### डीजल पर टैक्स कम करे सरकार: बहादुर मैहला

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को किसानों के लिए गंभीर समस्या बताया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि डीजल के दाम बढ़ने से खेती की लागत में भारी इजाफा होगा और किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी।

उन्होंने कहा कि ट्रैक्टरों से जुताई, बुवाई और खेत तैयार करने के कार्यों में भारी मात्रा में डीजल खर्च होता है। इसके अलावा सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले डीजल पंप-सेट और फसल कटाई में इस्तेमाल होने वाली मशीनों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

### शिक्षा मंत्री के आवास पर पांच जून को होगी रैली

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन ने पांच जून को हरियाणा के शिक्षा मंत्री के आवास पर राज्य स्तरीय रैली करने का ऐलान किया है। रैली की तैयारियों को लेकर राज्य उपप्रधान ओपी माटा, कविता, लक्ष्मी, शिमला और नीलम ने विभिन्न गांवों और स्कूलों में बैठकें आयोजित कीं। नेताओं ने कहा कि 12 जनवरी को पंचकूला में हुई राज्य स्तरीय रैली के बाद भी सरकार ने मिड डे मील वर्करों की मांगों को लागू नहीं किया, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों से मिड डे मील योजना के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और कई-कई महीनों तक भुगतान भी लंबित रहता है।

### रेलवे स्टेशन पर दबोचे दो स्मैक तस्कर

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की थाना शहर अंतर्गत पुलिस चौकी सदर बाजार की टीम ने अवैध नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद की है। कार्रवाई चौकी इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवा पुत्र हरिप्रकाश और आयुष पुत्र दीपक निवासी घरौंडा, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 55 ग्राम स्मैक नशीला पदार्थ बरामद हुआ।

चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मुकदमा नंबर 323/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह नशीला पदार्थ पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से खरीदकर लाए थे और इसे आगे बेचने की तैयारी में थे।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने सोमवार को गांव सीतामाई व दिकताना में लगभग 51 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। इस दौरान उन्होंने अटल लाइब्रेरी का लोकार्पण, सामुदायिक हॉल की चारदीवारी का निर्माण कार्य और वाल्मीकि चौपाल के अधूरे कार्य को पूर्ण करने हेतु शिलान्यास, बीसी चौपाल का नवनिर्माण कार्य व खेल मैदान के विकास कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा विधायक भगवानदास कबीरपंथी का पगड़ी व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ग्राम वासियों की ओर से क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों हेतु मांग पत्र भी सौंपा गया।

---

### प्रशासन ने प्रॉपर्टी डीलरों और कोलोनाइजर्स को दी सख्त हिदायत

# जिला योजनाकार की टीम ने तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**कार्रवाई के दौरान 5 डीपीसी, अवैध रूप से बिछाया गए सीवरेज को भी नष्ट किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





करनाल। अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करती जिला योजनाकार विभाग जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग करनाल की टीम ने अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ अपना कड़ा रुख जारी रखते हुए पिछले चार दिनों के भीतर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। विभाग ने भारी पुलिस बल और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नीलोखेड़ी, छपरा खेड़ा और मंगलपुर क्षेत्रों में कुल 3 अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। इसके साथ ही भू-माफियाओं को कड़ा संदेश देते हुए विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज कराई जा रही है और यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। नीलोखेड़ी में साढे तीन एकड़ में कटी अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोज़र जिला नगर योजनाकार की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से नीलोखेड़ी क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यह अवैध कॉलोनी नीलोखेड़ी में काली माता मंदिर रोड पर स्थित 'इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप' के ठीक पीछे काटी जा रही थी। विभाग ने आम जनता से एक बार फिर पुरजोर अपील की है कि वे ऐसे धोखाधड़ी करने वाले डीलरों के जाल में बिल्कुल न फंसें। अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखने के लिए केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें और अपना घर बनाएं। प्रॉपर्टी डीलरों और कोलोनाइजर्स को सख्त हिदायत दी गई है कि वे बिना अनुमति के कोई भी कॉलोनी न काटें। वे पहले से नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करें और उसके बाद ही कॉलोनी विकसित करें, ताकि आम जनता को नियमानुसार सभी मूलभूत सुविधाएं और फायदा मिल सके।

#### यहां की गई कार्रवाई

लगभग 3.5 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैली इस अवैध कॉलोनी में भू-माफियाओं द्वारा बिछाई गई सभी कच्ची सड़कों को बुलडोजर की मदद से पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। यह पूरी कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन की पुख्ता अगुवाई में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

छपरा खेड़ा और मंगलपुर में ढहाए गए अवैध निर्माण व सीवरेज नेटवर्क

उत्तम नगर के पास (गांव छपरा खेड़ा): यहाँ करीब 2.75 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। टीम ने यहाँ बनाए गए 3 डी.पी.सी. और सभी कच्ची सड़कों को मिट्टी में मिला दिया। दनियालपुर रोड (गांव मंगलपुर):यहाँ लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई के दौरान 5 डी.पी.सी., अवैध रूप से बिछाया गया सीवरेज नेटवर्क और सभी पक्की सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

#### भू-माफियाओं पर शिकंजा

जिला नगर योजनाकार, करनाल के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए विभाग पूरी तरह गंभीर है। अवैध कॉलोनियां काटने और अवैध निर्माण करने वाले डीलरों व मालिकों के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। विभाग द्वारा समय-समय पर सभी को आगाह किया जा रहा है कि जो भी अवैध निर्माणों को बढ़ावा देगा, उसके खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---



करनाल। लोगों की शिकायतें सूनते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

## शिविर में विधानसभा अध्यक्ष ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- तीन घंटे तक लोगों से मिले हरविंद्र कल्याण, विकास कार्यों में तेजी जारी रखने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को घरौंडा स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। भीषण गर्मी के बावजूद उन्होंने करीब तीन घंटे तक आमजन की समस्याओं पर सुनवाई की। जनसुनवाई शुरू होने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग रेस्ट हाउस पहुंच गए थे। लोगों ने निजी समस्याओं के साथ-साथ गांवों में खेतों के रास्ते, गली-नालियां और फिरनी पक्की कराने जैसी सामूहिक मांगें विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखीं। श्री कल्याण ने एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं और राजनीति उनके लिए सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हलके में अनेक विकास कार्य करवाए गए हैं और विकास की यह गति भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है और अब तक हजारों लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। कार्यक्रम के दौरान 8वीं हरियाणा स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले अंधेड़ा गांव के खिलाड़ी शुभम को भी सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन राजीव ढिल्लों सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

---

## विद्यार्थियों को कंप्यूटर व स्कूल बैग देकर किया आगे बढ़ने को प्रेरित

- रोटरी क्लब करनाल मिडटाउन की ओर से किया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




रोटरी क्लब करनाल मिडटाउन की ओर से सेवा प्रकल्प के तहत राजकीय मिडल स्कूल मंगलोरा में विद्यार्थियों को एक कंप्यूटर सेट तथा स्कूल बैग भेंट किए गए।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर की भूमिका डॉ. वीएस रैना ने निभाई। क्लब के प्रधान आईएन जगिया ने कहा कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से कंप्यूटर और स्कूल बैग उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्लब आगे भी निरंतर सेवा कार्य करता रहेगा। सचिव डॉ. वीके कालरा ने कहा कि रोटरी क्लब समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। दिनेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. वीएस रैना ने रोटरी के इतिहास और उसके सेवा कार्यों की जानकारी दी। डॉ. अमरपाल ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और इससे बच्चों को नई तकनीकों को सीखने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. एमएल मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या और वृक्ष जीवन के मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक समय सिंह, एसएमसी प्रधान पूजा देवी व विनोद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पंजाबी राजपूत महासभा विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**घरौंडा।** पंजाबी राजपूत महासभा द्वारा ग्राम पंचायत गढ़ी खजूर के सरकारी स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यापकगणों ने अपने-अपने विचार साझा किए तथा विद्यार्थियों को नशे, मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से दूर रहने की सीख दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी राजपूत महासभा के हल्का घरौंडा प्रधान मनोहर लाल आढ़ती ने शिरकत की, व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पंजाबी राजपूत महासभा के प्रदेश महासचिव एडवोकेट सतीश आर्य व प्रदेश मीडिया प्रभारी विशाल राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत गढ़ी खजूर के सरपंच अजय राणा ने की।

---

## भ्रूण हत्या रोकने के संकल्प के साथ बेटी बचाओ का दिया संदेश

- सिविल सर्जन कार्यालय में हुई बैठक, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में पंडितों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी और नोडल अधिकारी डॉ. शीनू चौधरी ने की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि विवाह समारोह के दौरान फेरों के समय पंडित वर-वधू को आठवां वचन कन्या भ्रूण हत्या रोकने का दिलवाएं। इसके अलावा गृह प्रवेश तथा अन्य धार्मिक आयोजनों में होने वाले हवन और प्रवचनों के दौरान भी लोगों को बेटी बचाने और बेटियों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में घटते लिंगानुपात को सुधारने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है और धार्मिक मंच इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं पंडित प्रदीप मिश्रा से किया सहयोग का आग्रह कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी और नोडल अधिकारी डॉ. शीनू चौधरी ने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंडित प्रदीप मिश्रा से आग्रह किया कि वे अपनी कथाओं और धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से लोगों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूक करें तथा जिले के घटते लिंगानुपात को सुधारने में सहयोग दें।

---




### विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**करनाल।** गायत्री परिवार करनाल के तत्वावधान में नव ज्योति विद्या मंदिर वसंत विहार के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति एवं व्यसन मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली वसंत विहार के विभिन्न क्षेत्रों से होकर विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने 'नशे को दूर भगाना है, समृद्धि को लाना है' और 'नशा नाश की जड़ है भाई, फल इसका होता दुखदाई' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा तथा व्यसन मुक्ति अभियान के संयोजक जगदीश पोसवाल ने विद्यार्थियों और नागरिकों से नशामुक्त भारत के निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्कूल स्टाफ के मदन मोहन शर्मा, मितेश पोरिया, अनिल शर्मा, पूनम नरवाल, सिमरन, नीलम, मीना, ज्योति और नेहा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

## पेट्रोल-डीजल कीमतों और नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- जिला मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, सरकार की नीतियों पर साधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



पैट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत गोराया, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह, जोगिंदर वाल्मीकि, कृष्ण कुटेल और कानून प्रकोष्ठ के संयोजक एडवोकेट चांद राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी कर रही है। इस मौके पर इंद्रजीत गोराया ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर लीक होने से करीब 22 लाख विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने इस मामले के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा।

---




### केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में लगा थायरॉइड जांच शिविर

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में विश्व थायरॉइड दिवस के उपलक्ष्य में थायरॉइड जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा एजाइलस डायग्नोस्टिक्स के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं और कर्मचारियों को थायरॉइड संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते जांच कराने के महत्व को समझाना था। शिविर में 56 छात्राओं एवं शिक्षण तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने जांच करवाई। कार्यक्रम में ललित सलूजा, राजीव सलूजा, मुकेश राणा, नैना बजाज, अनीता राणा, मोहित अरोड़ा और गायत्री शर्मा का विशेष सहयोग रहा। यूथ रेड क्रॉस की संयोजिका डॉ. दीप्ति शर्मा और रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. पूनम कुंडू ने शिविर के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. संगीता गौरंग और डॉ. सुमन सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

---

## 25 मई के प्रदर्शन को लेकर पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने किया मंथन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकैनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शाखा इन्द्री कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रधान रामकुमार प्रजापत ने की जबकि संचालन शाखा सचिव हरविंदर सिंह ने किया। बैठक में 25 मई को करनाल परिमंडल स्तर पर होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई और यूनियन नेताओं व सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के बाद कर्मचारियों ने विधायक राम कुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपकर अनुबंध कर्मचारियों के 11 महीने के बकाया वेतन का भुगतान करवाने की मांग उठाई। विधायक ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही वेतन जारी करवाने का प्रयास किया जाएगा तथा कनिष्ठ अभियंता रणबीर शर्मा पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान अनिल कुमार, वित सचिव ओमप्रकाश उड़ाना, चेयरमैन शमशेर सिंह, अंकित त्यागी, अश्विनी शर्मा आदि रहे।

---

### हरियाणा के लोगों जैसा भरोसा और स्वभाव कहीं नहीं: कथावाचक

## शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



घरौंडा में आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को सुनने और भगवान शिव की भक्ति में लीन होने के लिए हज़ारों की संख्या में लोग पंडाल पहुंचे। भगवान शिव के गगनभेदी जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने हरियाणा के लोगों के स्वभाव, उनकी भक्ति और जीवन मूल्यों पर विशेष प्रकाश डालते हुए कई प्रेरणादायक बातें कहीं।

उन्होंने ककहा कि हरियाणा के लोगों की खासियतः एक बार जिसका हाथ थाम लिया, जिंदगी भर नहीं छोड़ते। कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने हरियाणा की संस्कृति और यहाँ के लोगों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों में एक बहुत बड़ी खूबी और अनूठी विशेषता होती है कि यहाँ का व्यक्ति एक बार जिसका हाथ थाम लेता है, उसे जिंदगी भर नहीं छोड़ता। इसके पीछे उनका अटूट भरोसा और परमात्मा के प्रति सच्चा भाव है। ऐसा निश्चल स्वभाव वाला व्यक्ति जीवन में कभी भटकता नहीं है और हमेशा सही रास्ते पर चलता है। कथा में बेलपत्र की महिमा का विशेष वर्णन किया गया। पंडित मिश्रा ने बताया कि मात्र एक बेलपत्र का स्पर्श करने से ही तीन लक्ष्मियां कृपा करना शुरू कर देती हैं। यदि कोई जीवन में धन की कमी या आर्थिक तंगी महसूस कर रहा है, तो उसे यहाँ-वहाँ भटकने या हताश होने की बजाय कड़ी मेहनत करनी चाहिए और भगवान शिव की शरण में जाना चाहिए। अगले दिन पुराने बेलपत्र को मंदिर में ही छोड़ दें और नया बेलपत्र चढ़ाने का यह क्रम लगातार जारी रखें। इससे जीवन में शीघ्र ही सकारात्मक बदलाव आते हैं।

#### नशे पर तीखा प्रहार

पंडित प्रदीप मिश्रा ने समाज में पैर पसार रहे नशे के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने, कड़ी मेहनत करने और शिव भक्ति से जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने एक मार्मिक उदाहरण देते हुए कहा कि पानी में डूबने वाले व्यक्ति को बचाने के मौके फिर भी होते हैं, लेकिन जो व्यक्ति 'दारू की पियाली' (शराब के नशे) में डूब जाता है, उसे बचाना बहुत मुश्किल होता है। नशा केवल एक व्यक्ति को ही बर्बाद नहीं करता, बल्कि उसके पूरे हंसते-खेलते परिवार को रुला देता है और गहरे दुख में धकेल देता है।

एसपी ने थाना प्रभारियों व यातायात इंचार्जों की ली बैठक, दिए सख्त दिशा-निर्देश

# जिले को अपराध मुक्त बनाएं, यातायात नियम तोड़ने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

**नाकाबंदी व वाहन चेकिंग के दौरान खोज एप एवं वाहन इन्फो एप का अधिक उपयोग करने के लिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत


पानीपत। एसपी भूपेंद्र सिंह कानून और यातायात व्यवस्था बनाने को लेकर थाना प्रभारियों व यातायात इंचार्जों की बैठक लेते हुए।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने अपराध नियंत्रण, कानून और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में थाना प्रभारियों और चौकी व यातायात इंचार्जों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाए ताकि अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाएं तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। नाकाबंदी व वाहन चेकिंग के दौरान खोज एप एवं वाहन इन्फो एप का अधिकतम उपयोग करें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने निर्देश दिए कि नाकाबंदी एवं चेकिंग के दौरान खोज एप एवं वाहन इन्फोज एप का अधिक से अधिक उपयोग करें। इन एप्स के माध्यम से वाहनों के रजिस्ट्रेशन, मालिक की जानकारी, दस्तावेजों की वैधता एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का तुरंत सत्यापन किया जा सकता है। जिससे संदिग्ध वाहनों की पहचान करने में आसानी होगी।

**ये रहे मौजूद**

डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी राजबीर सिंह और सभी थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट प्रभारी तथा यातायात व चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

# ऑनलाइन नेशनल लेवल आर्टिकल राइटिंग स्पर्धा में 26 छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत


पानीपत। स्नेहा प्रथम, सुमित द्वितीय व तृतीय खुशबू। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कालेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा ऑनलाइन नेशनल लेवल आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी लेखन क्षमता और रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए दो प्रमुख विषय निर्धारित किए गए थे। जिसमें बिजनेस मैनेजमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका तथा भारत में स्टार्टअप्स का एक दशक। प्रतियोगिता में कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, नवाचार और देश की आर्थिक प्रगति से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डा. सतवीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक सोच और नवीन विचारों को अभिव्यक्त करने का मंच प्रदान करते हैं। विभागाध्यक्ष डा. सुनित शर्मा ने कहा कि लेखन केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता में स्नेहा गवर्नमेंट गर्ल्स कालेज, सोनीपत ने प्रथम, सुमित आनंद आईबी कालेज द्वितीय तथा खुशबू जीवीएम गर्ल्स कालेज, सोनीपत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सहायक प्रो. अजय पाल सिंह, माधवी, डा. ज्योति गहलोत, सहायक प्रो. साक्षी, करुणा व आंचल ने निभाई।

## श्री संत द्वारा हरि मन्दिर के प्रधान बने उत्तम चन्द आहूजा

**पानीपत।** श्री संत द्वारा हरि मन्दिर के प्रधान पद के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें उत्तम चन्द आहुजा को एक वर्ष के लिए सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधान रमेश चुघ के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम हरनाम चुघ ने उत्तम चंद आहुजा का नाम प्रधान पद के लिए प्रस्ताव रखा। जिसका दर्शन लाल रामदेव, अमर जीत सपड़ा और ईश्वर लाल रामदेव ने अनुमोदन किया। जिसका सभा में उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर उत्तम चंद आहुजा के नाम का समर्थन किया।


इसराना। एसडीएम कार्यालय के बाहर शिकायत देने के बाद नारेबाजी करते हुए।

## खुलेआम बेचे जा रहे मुर्गे, बकरे व सुअर समस्या समाधान शिविर में एसडीएम को दी शिकायत

**इसराना।** इसराना में नेशनल हाईवे पानीपत रोहतक पर इसराना में हेड़ी बस्ती के पास सड़क किनारे खुले आम मुर्गे बकरे, सुअर को काटकर इनका मांस खुलें में बेचा जा रहा है। इससे परेशान होकर दर्जनों लोगों ने इसराना एसडीएम नवदीप नैन को समस्या समाधान शिविर में एफेडेविट पर लिखकर शिकायत देकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि गांव इसराना में हेड़ी बस्ती के सड़क किनारे मांस की दुकानें खुलेआम चल रहीं हैं। जिसको लेकर आज दर्जनों युवाओं, महिलाओं ओर बुजुर्गों ने एसडीएम नवदीप नैन इसराना को शिकायत दी कि हेड़ी बस्ती के पास से मुर्गा बकरा,सुअर मीट की दुकानें बंद की जाये। शिकायत देने वालों में संदीप, कुलदीप, रमेश, राजबीर, मगी,राहुल, धर्मपाल, सचिन,बिमला, सन्तोष आदि की मांग है कि इन मीट की दुकानों को कहीं अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाये। इससे मीट की बदबू दूर-दूर घरों तक जा रहीं हैं इससे बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

# एमएएसडी स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने किया मनोरंजन

- बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना लक्ष्य : बबीता भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत



स्थानीय एमएएसडी पब्लिक स्कूल में आज से समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधित गतिविधियों पर आधारित है। जिसमें भिन्न-भिन्न गतिविधियों के माध्यम से चुस्त और स्वस्थ रहने के साथ-साथ उन्हें मनोरंजन प्राप्त करने का मौका भी मिलेगा। एमएएसडी पब्लिक स्कूल अपने प्राकृतिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

वहीं इसी दौरान बच्चों को तैराकी, बाक्सिंग, डांस, सुलेख, जूडो-करांटे, आर्ट्स क्राफ्ट, योग, वैदिक मैथ्स, संगीत-गायन-वादन और कोडिंग पर आधारित विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें विद्यार्थी भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। समर कैंप में गीता परिवार प्रणीत बाल संस्कार केन्द्र के सदस्यों द्वारा एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. बबीता भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समर कैंप का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



पानीपत। गरीब परिवार सहायता समिति के सदस्य दो बच्चों के प्रवेश के बाद।

## गरीब परिवार सहायता समिति ने दो बच्चों का करवाया प्रवेश

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति ने आज एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक सामाजिक पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के दो बच्चों का प्रवेश दिशा दिव्यांग स्कूल में करवाया। प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों के नाम मोहित एवं रोहित हैं। दोनों बच्चे बोलने व सुनने में असमर्थ है। समिति ने इन बच्चों की शिक्षा एवं बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी उठाकर समाज के सामने मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। समिति ने यह विशेष पहल उन मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए चलाई जा रही है जिनके 90 प्रतिशत से अधिक अंक आते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को संस्था स्कॉलरशिप के माध्यम से स्कूल में प्रवेश दिलाने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई का खर्च भी वहन कर रही है।

# ग्रामीण कौशल विकास को मजबूती देने की डीएस ग्रुप ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत


पानीपत। प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रमुख एफ एमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कारपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप ने एनआईआईटी फाउंडेशन और सिंगर इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर करनाल जिले के बरोटा गांव में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह के दौरान कुल 80 प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र सौंपे गए। साल 2025-26 के दौरान लगभग 350 प्रशिक्षुओं ने कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिनमें करीब 200 महिला प्रतिभागी शामिल थीं। केंद्र की स्थापना से लेकर अब तक कुल 700 से अधिक प्रशिक्षु इस कोर्स को पूरा कर चुके हैं। फरवरी 2026 में शुरू हुए सिलाई केंद्र ने अपने पहले ट्रेनिंग बैच को पूरा कर लिया है। इसमें कुल 49 प्रशिक्षुओं ने 9 मई 2026 को अपना प्रशिक्षण पूरा किया। डीएस ग्रुप के जीएम प्रभाकांत जैन ने कहा कि डीएस ग्रुप की सामुदायिक विकास परियोजना पिछले पांच वर्षों से बरोटा और आस-पास के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रही है।

## पतंजलि योग समिति का सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 31 तक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के तत्वाधान में स्वामी दयानंद पार्क सेक्टर-12 ,हुडा में 10 से 31 मई तक सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। शिविर में नए-नए योग साधक हिस्सा ले रहे है। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी शीशपाल ने बताया कि इस शिविर से जितने भी सहयोग शिक्षक बनेंगे उनको विभिन्न योग कक्षाओं में अलग से कक्षाओं को संचालन करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मध्य नजर रखते हुए अलग-अलग स्थान पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर योग शिक्षक महेंद्र कत्याल, सुरेंद्र सिंगला, चरण सिंह, महेंद्र सिंह भूटानी, अशोक , बिजली सिंह, हरीश वर्मा, इंद्रजीत, नरेंद्र सरपंच, दीपिका सिंगला, अनीता, सुनीता, पिंकी कत्याल, आशा रानी आदि मौजूद रहे।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में पुरुषोत्तम मास कथा का शुभारंभ



**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा माडल टाऊन के तत्वावधान में आज से पावन पुरुषोत्तम मास मलमास कथा का शुभारंभ किया गया। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। श्रद्धालु भगवान विष्णु और बालकृष्ण के जयकारों के साथ कथा श्रवण करने पहुंचे पुरुषोत्तम मास का महत्व और मलमास का उद्धार कथा के पहले दिन व्यासपीठ से परम पूज्य कथाव्यास पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार जब सूर्य देव बारह राशियों में संक्रमण नहीं करते तब उस अतिरिक्त मास को मलमास या अधिमास कहा जाता है। स्वामी रहित होने के कारण इस महीने को मलिन मानकर समाज और सभी देवताओं ने इसकी निंदा की। कोई भी शुभ कार्य इस महीने में वर्जित कर दिया गया। अत्यंत दुखी और अपमानित होकर मलमास रोते हुए भगवान विष्णु की शरण में वैकुंठ लोक पहुंचा और अपनी व्यथा सुनाई। जहां उन्होंने साक्षात पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण से मलमास को स्वीकार करने की प्रार्थना की। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि कथा आगामी 15 जून तक प्रतिदिन शाम सात बजे तक चलेगी।

## समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने 33 शिकायतों की सुनवाई की

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से चलाए जा रहे समाधान शिविर लगातार लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रहे हैं। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने 33 शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में सबसे अधिक शिकायतें क्रीड़ विभाग, पुलिस विभाग, बिजली विभाग तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इस अवसर पर डीएसपी सतीश वत्स, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीआरओ कनब लाकड़ा, पब्लिक हेल्थ विभाग से कार्यकारी अभियंता करण बहल, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, सहायक रोजगार अधिकारी विनीता, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन सुरेंद्र जोगी, कृष्ण आर्य, राजेश भारद्वाज, डीएचओ संदीप, कृषि विभाग से सहायक कार्यकारी अभियंता सुधीर, सुरेश सरोहा, संजीव शर्मा, जोगिंदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### गोद लेने वाले दम्पत्तियों की हर समस्या का होगा समाधानः डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण समिति तथा बाल कल्याण समिति द्वारा जिले में गुमशुदा, छोड़े गए, लावारिस एवं जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। समिति ऐसे बच्चों की देखभाल, सुरक्षा तथा उन्हें बेहतर भविष्य देने के लिए जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्यरत है। उन्होंने बताया कि बच्चा गोद लेने के इच्छुक दम्पत्ति एवं परिवार प्रत्येक वीरवार प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक जिला बाल संरक्षण समिति कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। कमरा नंबर-4, चौथी मंजिल, जिला सचिवालय, पानीपत फोन नंबरः 0180-2641574, 0180-2642574, 9255644002 पर संपर्क कर सकते हैं।

### योग प्रशिक्षण में 100 पीटीआई डीपीई ने योगाभ्यास किया

**पानीपत।** हरियाणा आयुष विभाग एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आज पानीपत में तीन दिवसीय 18 से 20 मई तक योग प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। जिसमें पानीपत के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के पीटीआई एवं डीपीई को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास आयुष योग सहायकों द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ करवाया गया। प्रशिक्षण का आयोजन पानीपत में ब्लॉक स्तर पर आर्य कॉलेज पानीपत, वैश्य कॉलेज समालखा, श्री राम गार्डन मतलौड़ा और गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल में किया गया। जिसमें लगभग 100 पीटीआई, डीपीई ने योगाभ्यास किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राजकपूर ने जन साधारण से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। प्रशिक्षण में आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ नीलिमा, डा. संदीप,डा. नितिन, डा. जसबीर, डा. कुलदीप व आयुष योग सहायकों संदीप, रिशपाल, दिनेश, दीपक, गीता, मंजू, नीरज, सतीश, कुलदीप, प्रवीण, सुमन, पंकज, बहादुर ने ब्लॉक स्तर पर भूमिका निभाई।



# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा

समालखा एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, गंभीर बीमारियों की पहचान तथा समय पर उपचार को लेकर विस्तृत रूप से योजना तैयार की गई। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। इस योजना के तहत जन्मजात रोग, पोषण की कमी, विभिन्न बीमारियों तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में आने वाली समस्याओं की पहचान कर बच्चों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जाता है।



**बैठक** आईआईएचटी एलुमनी एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में कई मुद्दों पर चर्चा

# टेक्सटाइल शिक्षा, रोजगार व हथकरघा उद्योग के भविष्य पर मंथन

- बैठक में देशभर से लगभग 65 से अधिक आईआईएचटी एलुमनी सदस्यों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत


पानीपत। आईआईएचटी एलुमनी एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा अतिथि का सम्मान करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

आईआईएचटी एलुमनी एसोसिएशन की 5वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन जिमखाना क्लब में किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए एलुमनी सदस्यों, टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों तथा गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। आईआईएचटी एलुमनी एसोसिएशन भारत के 6 प्रमुख आईआईएचटी संस्थानों के पूर्व छात्रों द्वारा गठित एक संगठन है। जिसका उद्देश्य टेक्सटाइल एवं हैंडलूम शिक्षा को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना तथा उद्योग और शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। बैठक की अध्यक्षता धर्मवीर सिंह प्रधान ने की। कार्यक्रम का संचालन वारिस खान ने किया। कार्यक्रम में बीबी पॉल, ओपी रनोलिया, राकेश जैन, विपिन कनोडिया, अनिल देशवाल, वारिस खान, अनिल कुमार, अमित दुबे, आदेश जैन, संजय कौशिक,अजीत मोहंती एवं हिमांशु माथुर उपस्थित रहे। बैठक में देशभर से लगभग 65 से अधिक आईआईएचटी एलुमनी सदस्यों ने भाग लिया तथा टेक्सटाइल एवं हैंडलूम शिक्षा के विकास, विद्यार्थियों के भविष्य, उद्योग की चुनौतियों और रोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईएचटी एलुमनी एसोसिएशन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त किया गया। जिन्होंने पानीपत में आईआईएचटी संस्थान के लिए 10 एकड़ भूमि प्रदान करने की घोषणा की। सदस्यों ने इसे टेक्सटाइल शिक्षा और कौशल विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान डीएचटीटी जोधपुर की पूर्व छात्रा श्रुति शर्मा को तकनीकी हैंडलूम एंड टेक्सटाइल क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
श्री सरबजीत सिंह पुत्र श्री सरिन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह निवासी मकान नम्बर 7, न्यू फ्रेन्डस कालोनी, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह पुत्र श्री सरिन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह निवासी मकान नम्बर 7, न्यू फ्रेन्डस कालोनी, पानीपत ने एक दस्तावेज वसीयतनामा के अनुसार इन्तकाल मंजुर करवाने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री सरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह ने वसीयतनामा वसीका नम्बर 577 दिनांक 22.02.2021 सब रजिस्ट्रार पानीपत को सरबजीत सिंह व जोगा सिंह पुत्रगण श्री सरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह (समभाग) के हक पंजीकृत करवाया था व प्रार्थी के पिता स्व. श्री सरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह की मृत्यु दिनांक 04.01.2026 को हो चुकी है। यह कि श्री सरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह की मृत्यु उपरान्त मुताबिक उपरोक्त वसीयतनामा के अनुसार 2 जायज वारिस है:- 1. सरबजीत सिंह व 2. जोगा सिंह पुत्रगण श्री सरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आत्मा सिंह (समभाग) है। व मुताबिक वसीयतनाना इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। जिसकी बाबत इन्तकाल पति इन्सार में दर्ज व मन्जूर किया जाना है।

जिसके सम्बंध में माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज इन्तकाल वाका पति इंसार में उक्त वसीयत मे वर्णित वारिस के नाम मन्जूर कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15.5.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

क्रमांक 223/RC दिनांक 15/05/2026

हस्ता/-तहसीलदार-कम-संयुक्त/ सब रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### अधिकारी समय पर पूरा करें जनगणना कार्य : उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी जनगणना कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी अपने अपने मकानसूचिकरण ब्लॉकों मे सभी भवनों और उनमें रहने वाले सभी परिवारों और आवासीय स्थल के बारे में सही सही जानकारी एकत्रित कर समय पर कार्य संपूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है तथा इस कार्य में मात्र 10 दिनों का समय शेष है। इस लिए ड्यूटी कर्मचारी कार्य को बेहतर तरीके से जल्द करना सुनिश्चित करें।

### कानूनी अधिकारी पर किया जागरूक

**शहजादपुर।** सिविल अस्पताल नारायणगढ़ में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के अंतर्गत एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों और अस्पताल के स्टाफ को उनके कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर पीएलवी बलबीर सिंह ने उपस्थित लोगों को सरल एवं प्रभावी तरीके से कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि नालसा के तहत समाज के कमजोर वर्गों जैसे महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

### त्वरित समाधान के लिए शिविर महत्वपूर्ण पहल

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभागों के अधिकारी इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थें। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में पंहुचे अंबाला शहर से सुनीता व करधान से दामिनी ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने को लेकर अंबाला छावनी से हनी ने परिवार पहचान पत्र में नाम ठीक करवाने को लेकर अपनी समस्या रखी।

### नरवाना समाधान शिविर में आई पांच शिकायतें

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें पांच शिकायतें आई। जिनका मौके पर ही निदान कर दिया गया। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर लगाने की बजाय सभी विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे और एक ही निश्चित समय अवधि में उपलब्ध हो रहे हैं।

## रविदास चौपाल के सामने निर्माण होने के चलते गर्माया मामला

# ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर टकराव, आमने-सामने आए दो गुट

निर्माण कार्य शुरू होते ही दोनों गुटों में हुई धक्का मुक्की, तनाव के बाद प्रशासन की ओर से निर्माण कार्य रोका गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी से सटे गांव ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड निर्माण को लेकर चल रहा विवाद खुलकर सामने आ गया। सोमवार को प्रशासन ने जैसे ही जेसीबी मशीनों से खुदाई शुरू करवाई, गांव के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते पुलिस की मौजूदगी में ही धक्का-मुक्की और नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन को काम रुकवाना पड़ा। अब एक पक्ष निर्माण स्थल के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। गांव में प्रस्तावित बस स्टैंड की जगह को लेकर पिछले करीब एक सप्ताह से विवाद चल रहा था। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि बस स्टैंड का निर्माण रविदास चौपाल के ठीक सामने कराया जा रहा है, जिससे सामाजिक और धार्मिक माहौल प्रभावित होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि बस स्टैंड बनने के बाद वहां बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और शराब सेवन जैसी गतिविधियां भी हो सकती हैं। इसी कारण वे लगातार जगह बदलने की मांग कर रहे थे। सोमवार सुबह प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन से खुदाई शुरू होते ही विरोध कर रहे लोग मौके पर जुट गए। कुछ ही देर में बस स्टैंड के समर्थन और विरोध में दो गुट आमने-सामने आ गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ता गया और दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब दोनों पक्षों के लोग पुलिस बैरिकेडिंग के बीच ही भिड़ गए। मौके पर जमकर नारेबाजी हुई और कई बार पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल निर्माण कार्य रुकवा दिया है। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। बस स्टैंड का विरोध कर रहे लोगों ने निर्माण स्थल के पास ही धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक बस स्टैंड की जगह नहीं बदली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रशासन पर उनकी बात अनसुनी करने का आरोप लगाया। तनाव को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी अब दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने में जुटे हैं। गांव में माहौल को शांत बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस गश्त भी बढ़ा दी गई है। फिलहाल ब्राह्मण माजरा में बस स्टैंड का मुद्दा अब केवल निर्माण तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि गांव के सामाजिक और सामुदायिक टकराव का रूप लेता दिखाई दे रहा है। वहीं, पुलिस प्रशासन मामले में दखलअंदाजी कर शांत करवाने का पूरा प्रयास कर रहा है। ग्रामीण अपने अपने मुद्दो को लेकर लगातार विवाद को बढ़ा रहे है।



अंबाला। दो गुटों में तनाव का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### कई दिन से चल रहा विवाद

बस स्टैंड के निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से ब्राह्मण माजरा में तनाव की स्थिति देखी जा रही है। विवाद को खत्म करने के लिए कई बाद पंचायत भी हुई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। गांव के एक गुट का आरोप है सियासी दबाव की वजह से बस स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। जानबूझकर उनकी चौपाल के सामने यह काम करवाया जा रहा है जबकि वे कई बार बस स्टैंड दूसरी जगह नाने का आग्रह कर चुके हैं।मगर सियासी धौंस दिखाकर दूसरा गुट लगातार गांव का माहौल खराब कर रहा है। इसी वजह से प्रशासन की ओर से सोमवार को गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बावजूद दूसरे गुट ने निर्माण कार्य नहीं होने दिया। गांव के कई युवा व महिलाएं जेसीबी के आगे डट गई। फिलहाल विरोध की वजह से निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

# जिला स्तरीय शतरंज में ओजस ने जीता मुकाबला



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यअतिथि व अन्य।

- 120 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में अंबाला डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के 12 से अधिक स्कूलों के 120 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अंडर-7 से अंडर-19 वर्ग तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि अखिल जैन एवं शिल्पी जैन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शतरंज मानसिक विकास, निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने वाला खेल है। एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. विकास कोहली ने कहा कि शतरंज बच्चों में फोकस और तार्किक सोच विकसित करता है। यहां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रधान एडवोकेट नम्रता गौड़ ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। वाइस प्रेसिडेंट आशीष वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर मुकाबला अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम होता है। प्रतियोगिता के दौरान किरनदीप गौड़ को सीनियर नेशनल आर्बिटर बनने पर विशेष सम्मान दिया गया। एसोसिएशन के सचिव रंदीप गौड़ ने बताया कि जूनियर वर्ग में माइंड ट्री स्कूल व ओपीएस स्कूल तथा सीनियर वर्ग में पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल व एमएम स्कूल का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में एक्षा जैन प्रथम, इनाया गर्ग द्वितीय एवं भवनीत कौर तृतीय स्थान पर रही। अंडर-7 बॉयज वर्ग में अथर्व गर्ग ने पहला, राधक जैन ने दूसरा तथा अयांश बंसल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में त्रिशा प्रथम, आरवी द्वितीय एवं संस्कृति तृतीय रहीं। अंडर-11 बॉयज वर्ग में रियांश भारद्वाज प्रथम, अग्रिम गोयल द्वितीय तथा अजितेश बंसल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-15 गर्ल्स में निया शर्मा ने प्रथम, शक्ति ने द्वितीय एवं तन्वी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# गुरु ग्रंथ साहिब की बाणी दिखाती है मानवता व भाईचारे का मार्गः जगतार

- गुरू अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर हुआ गुरमति समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। समागम के दौरान कांग्रेसी नेता अशोक मेहता व अन्य।

गुरुद्वारा श्री हांडी खेड़ा पातशाही दसवीं में श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस एवं जेठ मास की अमावस्या के पावन अवसर पर एक महान गुरमति समागम का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। समागम के दौरान विशेष रूप से पहुंचे हरिमंदिर साहिब (अमृतसर) के हजूरी रागी भाई जगतार सिंह और सुप्रसिद्ध ढाडी भाई गरजा सिंह मानिकपुर शरीफ वाले के जत्थों ने गुरुबाणी के रसभीने कीर्तन, वैराग्यमयी कथा और सिख कौम के गौरवशाली गुरु-इतिहास से संगत को निहाल किया। इस पावन अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने भी गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। समागम में शिरकत करने के बाद मेहता ने गुरुबाणी से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा किश्धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज की पवित्र बाणी हमें मानवता, प्रेम और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाती है। श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज की शहादत हमें धर्म और सत्य के मार्ग पर अडिग रहना सिखाती है। इस समय में हम सभी को गुरु ग्रंथ साहिब की दिव्य बाणी के साथ जुड़ना चाहिए ।

### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हो, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई कर निर्धारित समय में समाधान सुनिश्चित करें। प्रदेश में आयोजित होने वाले सभी समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री के द्वारा की जाती है।

### छह ब्लॉक से आए दिव्यांग छात्रों को बांटे उपकरण



**अंबाला।** जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में बलदेव नगर के प्रांगण में सहायक उपकरण सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 3 ट्राइसाइकिल, 7 व्हीलचेयर स्मॉल, 7 व्हीलचेयर बिग, 8 सीपी चेयर, 67 टीएलएम किट प्राइमरी, 4 टीएलएम किट प्री प्राइमरी, 70 टीएलएम किट सैकेंडरी, 2 विजुअल इंपेयर्ड किट, 3 ब्रेल स्लेट, 4 ब्रेल किट, 6 क्रच एल्बो, 6 रोलेटर स्मॉल, 2 रॉलेटर बिग, 20 हियरिंग व

# जफरपुर में दूषित पेयजल से फैली बीमारी, ग्रामीण उल्टी दस्त से पीडित

- शिविर में 27 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



मुलाना। मरीजों को दवाई देती स्टाफ नर्स फोटो : हरिभूमि

गांव जफरपुर में पिछले कई दिनों से गंदे पेयजल की सप्लाई होने के कारण ग्रामीणों में बीमारी फैलने का मामला गंभीर होता जा रहा है। गांव में उल्टी, दस्त और पीलिया जैसी बीमारियों के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

ग्रामीण धर्मबीर सिंह, रणबीर सिंह, राजेश, कृष्ण, शुभम, राहुल और संदीप ने बताया कि दूषित पानी की वजह से लगातार लोग बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पेयजल में गंदगी आने की शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा समय रहते समाधान नहीं किया गया। गांव में युवराज, राजिंदर, तरसेम, राहुल, वैभव, राजिंदर, शीशपाल के परिवार में कई लोग बीमार है । इसके अलावा अन्य भी उल्टी दस्त से पीड़ित है। वहीं पीलिया के तीन संदिग्ध मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया। विशेष टीम में डॉ. कुलदीप सिंह एसएमओ, डॉ. हरदीप सिंह, नर्सिंग अधिकारी नीतू, एलटी अमित कुमार, सीएचओ सुनीता, सीएचओ नीतू, एमपीएचडब्ल्यू मेल व फीमेल स्टाफ तथा 25 आशा वर्करों को शामिल किया गया।

### आईटीआई में दाखिले के लिए 25 दिन करना होगा इंतजार, जून माह के प्रथम सप्ताह में होंगे शुरू

**अंबाला।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले की उम्मीद लगाए बैठे युवाओं को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग इस बार दाखिला प्रक्रिया मई के बजाय जून माह के प्रथम सप्ताह से शुरू करने जा रहा है ऐसे में विद्यार्थियों को करीब 25 दिन का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। विभाग ने विद्यार्थियों को समय रहते अपने जरूरी दस्तावेज तैयार रखने की हिदायत दी है। विभाग के निदेशक की ओर से जारी आवश्यक सूचना के मुताबिक, आगामी सत्र 2026-27 की दाखिला प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। दाखिला के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य दस्तावेज की सूची जारी की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। 5 जून 2026 से 14 जून 2026 तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा तथा सभी मतदाता बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर घर बांटे गए इनुमरेशन फॉर्म को 14 जुलाई 2026 से पूर्व बूथ लेवल अधिकारी को हस्ताक्षर करके वापिस जमा करवाए । इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन कार्य 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक है। इनके निपटान की प्रक्रिया 21 जुलाई 2026 से 18 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन अवश्य करवाएं ।

STARWAY SENIOR SECONDARY SCHOOL
Village Khurdi, Distt. Yamuna Nagar
English Medium, Permanent Recognised
Heartiest Congratulations! to Students, Parents & Teachers For Excellent Board Results
on achieving good marks in result 2025-26
MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS X
DEEPAK 95%, KANAN 94.8%, UDAY 94%, LOKESH 93.2%, SANIA 92.6%, TRISHA 90.8%, TANUSH 89.8%, KASHISH 89.6%, GURPREET 88.4%
SIYA 88%, AKSHIYA 87.6%, AVISH 87.6%, CHAHAT 87.2%, KESHAV 86.8%, DIPANSHU 86.6%, VANSHIKA 85.4%, VISHESH 85.2%, VAIBHAV 84.6%
RITIKA 84.2%, ANSHIKA 83.4%, AVIRAL 83%, VANDANA 82.8%, DIPANSHI 82.4%, DIVANSHU 82.4%, HARSH 82.4%, MANVI 82.4%, MADHUR 81.6%, RAVISH 81%
MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS XII
DRISHTI 91.2% (ART), JANVI 91.2% (COMM.), VANDANA 89.4% (ART), RUDER 89.4% (NM), SAKSHI 88.8% (NM), DHARYA 88.6% (NM), CHAILSI 88.4% (NM), AGRIM 88% (NM)
TANISH BP 87.8% (NM), HARSH 87% (NM), SHAGUN 86.8% (COMM.), SAMIKSHA 86.8% (MED.), TUSHANT 86% (NM), TANISH HR 85.6% (NM), SRISHTI 85.2% (NM), KHUSHBOO 85% (COMM.)
GAGAN 84.8% (NM), ARYASH 84.2% (COMM.), MOHIT 82.2% (MED.), DIPANSHU 82.2% (NM), HARSHIT 81.8% (COMM.), RITIKA 81.2% (ART)
Congratulations
ADMISSION OPEN
For +1 (Medical, Non-Medical, Commerce, Arts)
Ph. 90503-37486, 80533-50625
Principal